Need to enact a stringent law to ban increasing addiction to Drugs and online betting - laid

श्री धर्मवीर सिंह **(**भिवानी**-**महेन्द्रगढ़**):** देश के युवा आज कल बर्बादी की तरफ बहुत तेजी से भाग रहे हैं। यह बर्बादी दो तरह की है एक स्वास्थ्य की बर्बादी और दूसरी पैसों की बर्बादी और ये दोनों बर्बादियाँ परिवार के साथ-साथ समाज और समाज के साथ साथ देश को खोखला करने में लगी हुई हैं। इन बर्बादियों का नाम है ऑनलाइन सट्टा और नशा। यह बुराई आज घर घर तक पहुँच चुकी है। देश की युवा पीढ़ी बहुत बुरी तरह से इन बुराइयों में घुस रही है। आईपीएल पर सट्टा, लूडो, रमी, तीन पत्ती और न जाने क्या- क्या सट्टा ऑनलाइन Apps के द्वारा चलाया जा रहा है। अगर इन बुराइयों को समय रहते नहीं रोका गया तो यह देश के लिए बहुत हानिकारक होगा। इतना कि हम इसका अभी अंदाजा भी नहीं लगा सकते। नशे के नाम पर युवा पीढ़ी शराब, कोरेक्स, गाँजा और न जाने क्या क्या नशे समाज में आ गए है। इसलिए मेरा निवेदन है कि इन दोनों बुराइयों को खत्म करने के लिए सख्त से सख्त कानून बनाया जाएं और सट्टे की सभी Websites और Apps को बेन किया जाए।